तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024

कालेजों में छात्रों की घटती संख्या परिवार समाज और देश के ... 11



शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही ... 12








## खबर संक्षेप

### गांधी भांठा अंडा में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में गांधी भांठा अंडा में 25 दिसंबर से छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ओमप्रकाश सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए रखा गया है।

### सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक आज

**डोंडी।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की आवश्यक बैठक 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से रेस्ट हाउस डौंडी में रखी गई है। बैठक में सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों के आरक्षण में कटौती किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर कार्य योजना बनाई जाएगी। बैठक में प्रत्येक ग्राम के ग्राम प्रमुख समाज प्रमुख एवं अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक रूप से शामिल होने को कहा गया है।

### अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

**बालोद।** मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर वर्चुवल माध्यम से अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम करेंगे। उक्त कार्यक्रम 25 दिसम्बर को दोपहर 1:30 बजे वार्ड क्रमांक 16 स्थित गंगासागर तालाब पार बालोद में आयोजित किया गया है।

### ग्राम धनगांव में शक्ति दिवस समारोह कल

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा ग्राम धनगांव में 26 दिसंबर को शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ होगा। उसके बाद 10.30 बजे कलश यात्रा, 2 बजे ध्वजारोहण एवं आरती के बाद अतिथि स्वागत समारोह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा होंगे, अध्यक्षता दिनेश फाफरे अध्यक्ष हल्बा समाज धनगांव करेंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम राजपरिवार डौंडीलोहारा होंगे, अध्यक्षता जगत रावटे सर्किल अध्यक्ष करेंगे। रात्रि में नवा बिहान रिकॉर्डिंग डांस परिवार ग्राम बरारमुंडी अंबागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### पंच पद के लिए आरक्षण 28 व सरपंच के लिए 29 को

**डोंडी।** त्रिस्तरीय पंचायत राज अधिनियम के तहत डोंडी ब्लॉक के पंच और सरपंच पर के लिए 28 और 29 दिसंबर को आरक्षण की प्रक्रिया जनपद पंचायत डोंडी में की जाएगी। इसके लिए कलेक्टर ने रिटर्निंग ऑफिसर को आदेश जारी कर कहा है कि पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आरक्षण के लिए नियमानुसार कार्यवाही करें। इसके लिए जनपद पंचायत डोंडी में 28 दिसंबर को 11 बजे से वार्ड पंचों के लिए आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह 29 दिसंबर को सरपंच पदों पर आरक्षण की प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जानी है। ब्लॉक की सभी पंचायतों में सूचना भेजकर गांव में मुनादी करा दी गई है। लोगों को आरक्षण की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए कहा गया है।

---

**कार्यक्रम**

# गुंडरदेही में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का किया गया सम्मान, महिलाओं ने बताए अनुभव

### राज्य सरकार के एक साल पूरा होने पर किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

विकासखण्ड मुख्यालय गुण्डरदेही के नगर पंचायत सामुदायिक भवन में आयोजित महतारी वंदन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों के महतारी वंदन सम्मेलन में भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना की सराहना करते हुए इस योजना के लाभान्वित हितग्राहियों ने इस योजना को अनेक दृष्टि से बहुपयोगी बताते हुए इसकी मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रतिमाह उन्हें मिलने वाली राशि जरूरत के समय एवं मुश्किल वक्त का सहारा बनकर उनके एवं उनके परिवार को राहत प्रदान कर रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। गुण्डरदेही में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुँची महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित हेमिन साहू, सुनिता, यामिनी ने महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना हम महिलाओं के विकास की योजना है। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन एवं गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। ⏭ शेष पेज 11 पर






## महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को कलेक्टर चंद्रवाल ने किया सम्मानित

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य शासन के महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर दृष्टि से उपयोगी साबित होकर उनके लिए आर्थिक समृद्धि का आधार बनता जा रहा है। चन्द्रवाल राज्य सरकार के गठन के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में टाउन हॉल बालोद में आयोजित महतारी वंदन योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

- टाउन हॉल बालोद में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

इस अवसर पर चन्द्रवाल ने राज्य के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई महतारी वंदन योजना की भूरी-भूरी सराहना करते हुए महिलाओं को इस योजना से मिलने वाली राशि का सदुपयोग करने को कहा। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के तहत आज आयोजित कार्यक्रम में इस योजना के हितग्राही महिलाओं के लिए सुरीली कुर्सी दौड़, प्रश्नोत्तरी आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलने वाले महिलाओं को बैंक पासबुक का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही महिलाओं ने राज्य शासन की इस योजना की भूरी-भूरी सराहना करते हुए 'मेरी जुबानी, सफलता की कहानी' भी सुनाई। कार्यक्रम में महतारी योजना की महिला हितग्राहियों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित भी किया गया।





### महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं को मिली विष्णु की पाती

**बालोद।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश "विष्णु की पाती" भेजी गई है। पाती पाकर बालोद जिले के ग्राम कोहंगाटोला की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भेजी गई 'विष्णु की पाती' पाकर काफी उत्साहित मालती ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हमें संदेश भेजना हम सभी महिलाओं के लिए बहुत ही प्रेरणादाई और गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पाती पढ़कर हमें बहुत ही आत्मीयता और गौरव की अनुभूति हुई। उन्होंने बताया कि हम सभी महिलाएं महतारी वंदन योजना के साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि महतारी वंदन योजना आने के बाद से हमें आवश्यक कार्यों से कहीं भी आने-जाने तथा छोटे-छोटे कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं होती, किसी से हमें पैसे मांगने भी नहीं पड़ते, इससे हम अपने छोटे छोटे जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रहे हैं। अन्य महिलाओं ने भी महतारी वंदन योजना के बेहतर संचालन के लिए आभार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शुभकामनाएं दी हैं।



---

## ग्रामीणों ने गेहूं-चना की सिंचाई के लिए बांध से मांगा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद


परेंगुड़ा, दर्रीटोला, सांकरा क, करहीभदर, हथौद, बी जामगांव, बरही के ग्रामीणों ने अपनी चार मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि दर्रीटोला बांध सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है। वर्तमान में बांध में पर्याप्त पानी है, इसलिए गेहूं, चना की फसल बोने के लिए पानी दिया जाए। दर्रीटोला गांध से निस्तारी के लिए गर्मी के दिनों में तालाबों में पर्याप्त पानी भरा जाए। वहीं, ग्रामीणों ने दंतेश्वरी शक्कर कारखाना करकाभाट को दर्रीटोला बांध से पानी दिए जाने पर आपत्ति जताते हुए उसे बंद करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कारखाना के कारण हमें निस्तारी एवं दलहन तिलहन के लिए पानी नहीं मिल पाता है। कारखाना की दूरी बांध से 4-5 किलोमीटर है, जबकि गंगरेल बांध की नहर ⏭ शेष पेज 11 पर

## पैदल यात्री सहित कई वाहनों को टक्कर मारकर हाईवा चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

अर्जुन्दा के पेट्रोल पम्प के पहले अज्ञात हाइवा चालक ने कार और पैदल चल रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारने के साथ ही मार्ग पर चल रहे अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। वहीं, घटना के बाद फरार हो गया। इस दुर्घटना में पैदल जा रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में कार चालक की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा थाने में अज्ञात हाईवा चालक के खिलाफ धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ग्राम परसाही निवासी राधेश्याम ने बताया कि सोमवार को मेरे दोस्त पवन ठाकुर, इन्द्र कुमार ठाकुर, शम्भु ठाकुर के साथ किराए के वाहन में माता के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ मंदिर जा रहे थे। रात लगभग 8 बजे अर्जुन्दा पार कर अर्जुन्दा में चन्द्राकर पेट्रोल पम्प के पहले राजनांदगांव रोड के पास पहुंचे ही थे, तभी एक अज्ञात हाईवा के चालक ने अपने हाईवा को तेज रफ्तार में चलाते हुए एक पैदल चल रहे व्यक्ति को ठोकर मार दी। इसके साथ ही कार को भी ठोकर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोश पड़े व्यक्ति को अर्जुन्दा अस्पताल पहुंचवाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अज्ञात मृतक की पहचान जुटाने के साथ ही कार्यवाही में लगी हुई है।



## कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके माँगों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके माँगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।



जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम आतरगांव निवासी खिलावन सिंह ने अपने गांव में पेयजल एवं निस्तारी के लिए समुचित पानी की आपूर्ति के लिए बोर खनन की मांग की। ग्राम कोरगुड़ा निवासी पीलूराम ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खपरी निवासी गोपाल प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना की मजदूरी दिलाने, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धोबनपुरी निवासी कोमेश्वर ने रबी फसल हेतु अनुमति प्रदान करने, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम हितेकसा निवासी सुंदर सिंह मण्डावी ने अपने गांव के तालाब से पानी निकासी हेतु नाली निर्माण करने, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम गंगोरीपारा निवासी नेमूराम एवं पवन कुमार ने स्वच्छ भारत अंतर्गत अपने घरों में शौचालय निर्माण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सांकरी के ग्रामीणों ने अपने गांव के मंदिर परिसर के रिक्त जमीन को आबादी मुक्त रखने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने भी आम जनता से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना।

---

### ग्राम भेड़ी में अवधूत सेवा समिति ने ग्रामवासियों के साथ किया शिविर का आयोजन

# पति-पत्नी, देवरानी-जेठानी ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

अवधूत सेवा समिति और ग्रामवासी भेड़ी द्वारा गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं का उत्साह भी देखने लायक था। शिविर में पति-पत्नी कमलेश-रीना ढालेंद्र और दिनेश-मोहिनी साहू, देवरानी जेठानी टामिन बाई, मोहिनी साहू ने रक्तदान किया। दिनेश मोहिनी साहू ने भिलाई से आकर रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। श्री ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। रक्तदान जीवनदान के बराबर है और आज भेंड़ी के इस आयोजन से निश्चित ही अन्य लोग भी जागरूक और प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने बताया कि नाला के किनारे रिटर्निंग वाल के लिए दस लाख की राशि स्वीकृत हो चुकी है और भविष्य में भी ग्राम भेंड़ी की समस्या को प्राथमिकता के साथ दूर किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने श्री द्वारा बरसात के पहले खेतों में जो पानी भरने की समस्या के अस्थाई समाधान के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। इस पर ठाकुर ने शीघ्र ही निराकरण करने की बात कही। रक्तदान शिविर महासिंह राणा, खेमंत साहू, कमलेश ढाले, भरत पटेल, मोती पटेल, टुमन पटेल सुशील साहू, गिरवर पांड़े, अंगेश्वर, गौतम, मनोज सहित अनेक लोगों के सहयोग से पूर्ण हुआ। वहीं, ब्लड बैंक जिला अस्पताल बालोद के डाक्टर अजय साहू, टंडन जी और टीम ने सहयोग प्रदान किया।





### महिलाओं के लिए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

डौंडीलोहारा मंडल की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने ग्राम भेंड़ी में आयोजित रक्तदान शिविर एवं महिलाओं के लिए कैंसर जागरूकता में शामिल हुईं। उन्होंने महिलाओं और ग्रामवासियों से मिलकर इस पुनीत कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कैंसर जागरूकता कार्यक्रम को संचालित करने वाली व्याख्याता एनुका शार्वा और आयोजन समिति को इस कार्य के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे आकर अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करना होगा। सरकार महिलाओं के हित में बहुत सी योजनाएं चला रही है। महतारी वंदन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उनके साथ भाजपा नेता दिलीप बाफना भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरपंच रूक्मणी राणा,नर्स रीना ढालेंद्र, सौरभ शर्मा, हेमंत साहू, मितानिन बहनें मधु कोसमा, राजकुमारी सिन्हा, संतोषी पांड़े, मानसी, मोनिका, दीपांशु, लव किशोर, देवेंद्र, पंकज, धनेंद्र, चांदनी, गुलशन, पूनम, गोवीता, केसर, रेशमी और गांव की महिलाएं उपस्थित थीं।

## गुरूर के तहसीलदार बनाए गए हनुमंत देवेंद्र को दी गई डौंडी की जिम्मेदारी

**बालोद।** जिले में प्रशासनिक दृष्टिकोण से तहसील कार्यालय के सुचारू रूप से संचालन के लिए वर्तमान में पदस्थ एवं कार्यरत तहसीलदार एवं अतिरिक्त तहसीलदार की तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक नवीन पद स्थापना की गई है। इसके तहत अतिरिक्त तहसीलदार गुरूर हनुमंत श्याम को तहसीलदार गुरूर एवं तहसीलदार गुरूर देवेन्द्र नेताम को तहसीलदार डौण्डी के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके पूर्व गुण्डरदेही एवं बालोद अनुविभागीय अधिकारियों की भी नवीन पदस्थापना की जा चुकी है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# घसीटे गए कार्यकर्ता, दो बैरिकेड तोड़ने के बाद वॉटर कैनन से बौछारें, नहीं लांघ सके अंतिम रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोमवार को सीएम हाउस घेरने निकली युवा कांग्रेस की पुलिस से जमकर झूमाझटकी हुई। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस द्वारा पहले से ही बैरिकेड्स लगा दिए गए थे।

- तीन लेयर में लगाए गए थे बैरिकेड्स, प्रदर्शनकारियों ने तोड़े दो लेयर

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने तीन लेयर में बैरिकेड्स लगाए थे। यूथ कांग्रेस शुरुआती दो लेयर को ही लांघ सकी। इसके बार पुलिस द्वारा वॉटर कैनन से पानी की बौछारें शुरू कर दी गईं। इसके बाद भी कई कार्यकर्ता आगे बढ़ने डटे रहे। इस दौरान ही पुलिस से उनकी जमकर झूमा-झटकी हुई। इस दौरान दर्जनभर कार्यकर्ताओं को खरोंचें और हल्की चोटें आई हैं। हालांकि गंभीर रूप से कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी घायल नहीं हुए। कांग्रेस के विभिन्न इकाइयों के तीन हजार से अधिक कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

## यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में पुलिस संग जमकर झूमाझटकी, दर्जनभर चोटिल





### युवाओं से घबरा रही है सरकार

*युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की उपस्थिति एवं प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा, जब मैं इस स्थल में आने के लिए निकला था तब मैंने देखा की जगह-जगह प्रशासन द्वारा रोकने के लिए घेराबंदी और नाकेबंदी की गई है। इससे तो यह साबित होता है कि यह सरकार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से घबरा चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की जनता परेशान हो गई है। आज युवाओं के पास रोजगार नहीं है। नशे का व्यापार खुलेआम हो रहा है। पूरे प्रदेश में लूट, चोरी एवं बलात्कार की घटनाएं आम बात हो गई है।*

सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकताएं भी इसका हिस्सा रहीं। सोमवार दोपहर 12 बजे से कार्यकर्ता गांधी मैदान में एकत्र होने लगे थे। वरिष्ठ नेताओं के संबोधन पश्चात उन्होंने घेराव के लिए कूच किया। आकाशवाणी काली माता मंदिर के पूर्व ही पुलिस बल द्वारा उन्हें रोक लिया गया। बेरोजगारी और प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर यह घेराव किया गया।

### दो लेयर के बाद सख्ती

पुलिस द्वारा पहले लेयर की बैरिकेडिंग नगर-निगम भवन के थोड़े आगे की गई थी। दूसरे लेयर की बैरिकेडिंग महिला थाने से थोड़ा आगे एक निजी अस्पताल के समक्ष की गई थी। इन दो लेयर को कार्यकर्ताओं ने आसानी से तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस बल द्वारा सख्ती बरती गई और प्रदर्शनकारियों को तीसरे लेयर तक पहुंचने ही नहीं दिया गया। पानी की तेज बौछारों का सामना महिला कार्यकर्ताओं को भी करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### नगर निकायों के महापौर व अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण 27 को

**बालोद।** वर्ष 2024–25 में होने वाले प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के लिए राज्य के नगर निकायों के महापौर एवं अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण की कार्यवाही शुक्रवार 27 दिसंबर को दीन दयाल उपाध्याय आडिटोरियम, साइंस कॉलेज परिसर रायपुर में सुबह 10.30 बजे से की जाएगी। इसके अंतर्गत नगर पालिका निगमों के महापौर एवं नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के अवलोकन के लिए इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित रह सकते हैं।

### रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**रायपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आनंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी द्वारा धरसींवा के ग्राम बाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को किया गया। इस मौके पर ग्राम की सरपंच अर्चना जनक निषाद ने कहा कि रासेयो का यह सात दिवारीय शिविर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर था ग्रामीण परिवेश से जुड़ने का और वहां कार्य करने का। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीण भी स्वयं को ऊर्जावन महसूस करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कॉलेज द्वारा आगे भी रासेयो के कार्यक्रम समय-समय पर गांव में आयोजित किए जाएं। इस शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रतिदिन अलग- अलग वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था कि विभिन्न विषयों जैसे कि डिजिटल लिटरेसी, न्यूमरोलॉजी कॅरियर मार्गदर्शन आदि पर वक्ताओं ने स्वयंसेवकों के समक्ष अपनी बात रखी। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह, डॉ. अभया जोगलेकर व रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएम गजपाल आदि शामिल थे।

### धरसींवा महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय गणित दिवस

**रायपुर।** शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का विषयवस्तु दैनिक जीवन में गणित पर आधारित था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. निधि देवांगन ने रामानुजन द्वारा दिए गए प्रमेय एवं गणितीय सूत्रों की जानकारी दी। जी. नागभार्गव, सुनीता दुबे, स्वाति शर्मा, रश्मि कुजूर, शीतल वर्मा, दीक्षा साहू, कन्हैयालाल, गरिमा देवांगन, नोना धीवर सहित सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## निधन

### शेख अफजल सिद्दीकी



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय वार्ड 15 रामनगर निवासी शेख अफजल सिद्दीकी का मंगलवार को इंतेकाल हो गया। उन्हें शाम 06 बजे मुस्लिम क़ब्रिस्तान में सुपर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवारजन व स्थानीय निवासी शामिल हुए।

## प्रवचन

**श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्म प्रसंग पर झूम उठे श्रद्धालु**

# ठेकवाडीह में गूंजा- नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उक्त बातें पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा ने भागवत ज्ञान सप्ताह के दौरान कही।

आपको बता दें कि ग्राम ठेकवाडीह में दयाराम साहू एवं लीलाबाई साहू की स्मृति में ईश्वर साहू एवं समस्त परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पांचवें दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। श्री कृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथावाचक ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। 7 संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का



भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। श्री शर्मा ने कहा कि जब–जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब–तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया, तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमने लगे। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। भागवत कथा का रसपान करने आसपास गांव के श्रद्धालु प्रतिदिन अधिक संख्या मे पहुंच रहे है।

### भंडारा की व्यवस्था

प्रतिदिन गांव सहित आसपास से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन ग्राम सहित दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। बृजराज साहू ने बताया कि भागवत कथा का यह दूसरा वर्ष है, जहां पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा कथा सुना रहे हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा 10 बजे से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक की जा रही है। भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था की गई है। भागवत कथा में प्रमुख रुप से गंगा देवी साहू, लता साहू, डोमार साहू, शकुन साहू सहित समस्त परिवार एवं ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।



# बम्हनी बालोद ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई में छत्तीसगढ़ स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भगतसिंह एकेडमी बोरई तथा समस्तग्रामवासियों के सहयोग से शनिचरी बाजार चौक में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग, रिवेंद्र यादव की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रतियोगिता में अलग-अलग जिलों और प्रांत से 100 टीमों का शामिल होना आपने आप में सफलता बयां करता है।

उन्होंने एकेडमी के युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होने के साथ ही युवाओं में संगठन क्षमता के विकास और ग्रामीण समरसता, भाईचारा के लिए जरूरी है। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि कबड्डी का खेल बुत ही कम संसाधन में खेला जाता है, जो आज प्रो कब्बड्डी के रूप ख्यात हो गया है। गांवों के खिलाड़ियों को भी प्रो-कब्बड्डी के स्तर तक पहुंचने अनेक ग्राम पंचायतों में मेट उपलब्ध करवाया गया है। हम सब की मंशा रही है कि बच्चों को अच्छा संसाधन मिले जिससे अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन जिला व राज्य स्तर पर कर पाये और अपना नाम रौशन कर सकें। बता दें कि इस प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश, दिल्ली सहित बालोद, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, नांदगांव, बेमेतरा, खैरागढ़ एवं स्थानीय दुर्ग जिला के विभिन्न टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बम्हनी बालोद को मिला, जिसे 15 हजार नकद व विनर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान दारगांव धमधा को 10 हजार नगद व शील्ड, तृतीय जांजगीर चांपा को 7 हजार नगद व शील्ड तथा चतुर्थ स्थान भेड़सर दुर्ग को 5 हजार नगद व शील्ड प्रदान किया गया। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में अतिथि स्ट्रक राइट कंपनी बोरई के मैनेजर राजेश पंत थे। वहीं, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, सरपंच पद्मा टीकम साहू, नरेंद्र देशमुख, कैलाश सिन्हा, महेंद्र सिन्हा, पंच किशोर यादव, ओमेश्वर यादव, डॉ जितेंद्र साहू सहित आयोजक भगतसिंह एकेडमी के अध्यक्ष नीरज ठाकुर, अरविंद घनघोरी, राधेकृष्ण ठाकुर, गिनेश्वर साहू, मिथलेश ठाकुर, ओतशू यादव, शेखर सहित सभी सदस्य एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग समाज के आरक्षण में की गई कटौती को बहाल करने एवं अन्य गंभीर लोक विषयक मांगों को लेकर बालोद कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में संघ द्वारा कहा गया है कि पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में सीटों का आरक्षण लागू किया जा रहा है आरक्षण रोस्टर के अवलोकन से स्पष्ट है कि विगत चुनाव के मुकाबले 2024 के आरक्षण रोस्टर में ओबीसी वर्ग के सीटों की संख्या काफी कम हुई है। ऐसा आरक्षण किस आधार पर हुआ है, इसका भी ज्ञान ओबीसी समुदाय को नहीं हो पा रहा है। संघ ने कहा है कि आरक्षण व्यवस्था पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है।

बस्तर संभाग के अलावा मानपुर व बालोद जिला मे निवासरत पिछड़ावर्ग समाज के अधिकारों के साथ पूरी तरह से खिलवाड़, छलावा है। इसके फलस्वरूप ग्राम पंचायत नगर पंचायत नगर पालिका एवं नगर निगमों में पिछड़ा वर्ग समाज की सीटों में कटौती करते हुए अनारक्षित किया गया है। इसलिए यथाशीघ्र पुनर्विचार करते हुए अनारक्षित सीटों में की गई बढ़ोत्तरी को कम कर पिछड़ा वर्ग समाज के लिए सीटों को आरक्षित करें। इसी तरह दंतेवाड़ा जिला के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा को जिले से तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की गई है। आशकरण पटेल के परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने, वीणा गजेन्द्र पिता पुरूषोत्तम गजेन्द्र ग्राम तहसील चारामा जिला कांकेर की न्यायिक जांच कराते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई। वहीं, नगर पंचायत डौण्डी क्षेत्र अंतर्गत पिछड़ा वर्ग समाज की जनसंख्या 46 प्रतिशत होने के बावजूद 15 वार्ड में एक भी वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई गई है। इसे सुधारकर जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देने की मांग की गई है।

समाज ने कहा 7 दिवस के भीतर उपरोक्त चार सूत्रीय मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल कार्यवाही करेंगे। अन्यथा 30 दिसंबर को बस्तर संभाग के जिला मुख्यालयों में छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग के नेतृत्व में महाबंद एवं चक्काजाम किया जाएगा।



## नई कृषि-व्यापार नीति के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ इकाई ने सोमवार को राजधानी में आंबेडकर प्रतिमा के सामने नई कृषि-व्यापार नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार से किसानों की उपज के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करने और छत्तीसगढ़ के किसानों को मोदी की गारंटी के तहत धान का मूल्य 3217 रुपए प्रति क्विंटल देने की मांग करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।

दरअसल मोदी सरकार द्वारा हाल ही में लाई गई नई कृषि बाजार व विपणन नीति के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की प्रदेश इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, प्रदेश प्रभारी प्रवीण क्रांति ने कहा, इस नीति के लागू होने से देश की कृषि मंडियों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, साथ ही कृषि बाजार पर कॉर्पोरेट कंपनियों का कब्जा हो जाएगा।

# जब तक मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : सांसद रंजीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन ने कहा, 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पाटी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती, इस बार तो हद ही पार कर दी।

उन्होंने कहा, संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। कांग्रेस ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। समता, समानता और न्याय के डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई



रास नहीं आई। यही नहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. आंबेडकर का अपमान कर बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यसमिति के सदस्य ताम्रध्वज साहू भी मौजूद रहे।

### भाजपा ने पूछे पांच सवाल

इधर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन के आरोपों पर पलटवार करते उनसे पांच सवालों का जवाब मांगा। आपने कहा था, नक्सली बुरे नहीं होते, क्या आज भी अपने बयान पर कायम हैं? छत्तीसगढ़ के लोगों का हक मारकर राज्यसभा की सदस्यता मिली है, उसके साथ उन्होंने कितना न्याय किया? राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला व केटीएस तुलसी छत्तीसगढ़ क्यों नहीं आते? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में रहकर लूट, भय और भ्रष्टाचार के सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर रही थी, तब उनके खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई? राज्यसभा सदस्य रहते कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा और अर्चना गौतम के साथ दुर्व्यवहार पर उनके न्याय के लिए आवाज क्यों नहीं उठाई?

## अफसर बोले- टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर से मॉनिटरिंग में मिलेगी मदद

# चिरमिरी से रेस्क्यू बाघिन का कटघोरा वनमंडल में विचरण, गांवों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश के संजय दुबारी नेशनल पार्क से पिछले सप्ताह भटककर आई बाघिन इन दिनों कटघोरा वनमंडल के पंडरीपानी परिक्षेत्र में विचरण कर रही है। अफसरों के अनुसार, टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर लगा है, इस वजह से आसानी से उसे ट्रैक किया जा रहा है। इसकी पुष्टि एपीसीसीएफ प्रेम कुमार ने की है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों चिरमिरी के जंगल में वन अफसरों ने रेस्क्यू करने के बाद उसके गले में रेडियो कॉलर लगाकर अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा था। अब यह बाघिन मरवाही वनमंडल के रास्ते इन दिनों कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रही है। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार के अनुसार, टाइग्रेस को ट्रेक करने एटीआर से पांच सदस्यीय ट्रेकिंग दल बुलाया गया है। ट्रेकिंग दल के माध्यम से उसके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। अफसर के अनुसार, टाइग्रेस का व्यवहार सामान्य है।

### सो रहे ग्रामीण के करीब पहुंची बाघिन

पसान रेंज में विचरण कर रही बाघिन को लेकर पंडरीपानी, पहाड़पारा के ग्रामीण दिलीप लकड़ा का कहना है कि बाघिन उसके घर के पास पहुंच गई थी। उसके घर के करीब पहुंचने की पुष्टि घर के पास मिले पंजों के निशान से हुई है। दिलीप के अनुसार, वह घर के बाहर सो रहा था। इसी दौरान घर के पालतू कुत्ते की भौंकने की आवाज से वह उठ गया। करीब आठ से दस फीट की दूरी पर उसने बाघिन को देखा। एकदम नजदीक होने पर दिलीप पास पड़े डंडे से धान साफ करने के उपयोग में आने वाले उड़ावनी पंखे को लाठी से जोर-जोर से पीटने लगा, जिससे बाघिन वहां से डरकर चली गई।



### क्षेत्र नया होने से भटक रही टाइग्रेस

संजय दुबारी नेशनल पार्क से भटककर आई जिस बाघिन को चिरमिरी से रेस्क्यू कर अचानकमार में छोड़ा गया है। उस मादा बाघ के लिए एटीआर नया इलाका है। इस वजह से उक्त वह भटकते हुए मरवाही के रास्ते कटघोरा पहुंच गई। ऐसी स्थिति में उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन अफसरों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

### इधर बाघ की आमद रोकने पटाखे फोड़े

कान्हा टाइगर रिजर्व के आधा दर्जन बाघ भोरमदेव तथा अचानकमार में विचरण कर रहे हैं। इनमें चार बाघ भोरमदेव वनमंडल में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जमुनापानी में बाघ के आने की जानकारी मिलने के बाद उसे अपने क्षेत्र में आने से रोकने पटाखे चलाए। पटाखों की आवाज सुनकर बाघ के वापस कान्हा तरफ जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। उल्लेखनीय है कि जमुनापानी में वर्ष 2011 में ग्रामीणों ने एक मादा बाघ को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था।

**सुरक्षित क्षेत्र, शिकार की तलाश में पहुंच रहे**

जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व में कैपेसिटी से ज्यादा बाघ हो गए हैं। ऐसी स्थिति में बाघों के बीच आपसी द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है। इसलिए बाघ सुरक्षित जगह तथा शिकार की तलाश में भटकते हुए राज्य के वनक्षेत्र में पहुंच रहे हैं। इस बात को भी ध्यान में रखते हुए वन विभाग को टाइगर मॉनिटरिंग के लिए एक अलग टीम बनाए जाने की बात जानकार बता रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### आज भाजपा मनाएगी सुशासन दिवस

गुरूर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान एवं जिला भाजपा बालोद के निर्देशानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 2 बजे सब स्टेशन के बाजू नरेंद्र साहू के काम्प्लेक्स में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल सनौद में निवासरत सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को शामिल होने को कहा गया है।

### ग्राम बोरी में मेला मड़ई आज

लाटाबोड़। ग्राम बोरी (लाटाबोड़) नयापारा में 25 दिसम्बर को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। शंकर साहू ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी चंपा बसन भकुर्रा (छुरिया) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

गुरूर। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री करेंगे। इसके तहत 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे नगर पंचायत गुरूर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 पुष्पवाटिका में भारतरत्न अटल बिहारी वायपेयी के छायाचित्र पर मल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन संकल्प कविता पाठ, विचार संगोष्ठी एवं भूमिपूजन का आयोजन किया जाएगा।

### ओड़ारसकरी में मड़ई-मेला 28 को

अंडा। ग्राम ओड़ारसकरी में 28 दिसंबर को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। महेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिन्हा बरसाती यादव, लोमेश ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर एवं रात्रि खल्लारी (डौंडीलोहारा) की नाच पार्टी पूजा के फूल का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं, 29 दिसंबर को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

### ग्राम सोनाडोंगरी में मेला-मड़ई 1 जनवरी को

गुरूर। ग्राम सोनाडोंगरी में 1 जनवरी को मेला-मड़ई का आयोजन किया गया है। ग्रामीण अध्यक्ष दुलारू राम साहू ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### भालूकोन्हा में मानसगान व पंडवानी सम्मेलन कल

डौंडीलोहारा। समीपस्थ ग्राम भालूकोन्हा में 26 दिसंबर को शक्ति दिवस के पावन अवसर पर हल्बा समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सस्वर मानसगान एवं पंडवानी सम्मेलन रखा गया है। ग्राम के जनक ठाकुर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में श्री राम कृपा मानस परिवार सालिक झीटिया, जिला राजनांदगाव, मंगल माधुर्य महिला मानस परिवार चिखली जिला गरियाबंद, मां शारदे मानस परिवार रेंगनी जिला बालोद एवं सुर सुरभि पंडवानी (पूनम सिन्हा) मंडेली जिला गरियाबंद के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## समारोह

### शहीद डोमेश्वर शासकीय कालेज जामगांव आर स्नेह सम्मेलन में शामिल सांसद

# कालेजों में छात्रों की घटती संख्या परिवार समाज और देश के लिए चिंतनीय : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर शासकीय कालेज जामगांव आर स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को कालेज में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे, अध्यक्षता भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने की। विशेष अतिथि दुर्ग संभाग क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ राजेश पांडे, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, लालेश्वर साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश केला, दिलीप साहू, शरद बघेल, खेमलाल साहू मंचासीन थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शहीद डोमेश्वर साहू के पिता हीरालाल साहू एवं माता हेमबाई का सम्मान किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश केला ने सांसद को मांग पत्र सौंपा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कालेज में छात्रों की कम संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या 626 है, जिनमें 416 छात्राएं हैं, इससे यह पता चलता है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का असर दिख रहा है। साथ सांसद ने छात्रों की संख्या सिर्फ 210 होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह घर परिवार समाज व देश के लिए चिंतनीय है। अब समय की मांग उठ रही बेटा बचाओ बेटा पढ़ाओ अभियान की। इस बात को वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अवश्य उठाएंगे। उन्होंने कहा कि माता-पिता बेटों को भी पढ़ाने और आगे बढ़ाने में सजगता बरतें। उन्होंने युवकों से अपील की कि वे पढ़ाई में ध्यान दें और अपना भविष्य संवारें। उन्होंने जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री केला के मांग पत्र के संबंध में कहा, कि प्राथमिकता के आधार पर मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।




- कहा- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से छात्राओं की संख्या बढ़ी, लेकिन छात्र कम ले रहे रुचि
- कॉलेज में 626 है कुल विद्यार्थियों की संख्या, उनमें 416 छात्राएं और 210 छात्र हैं





### गुरु के मार्गदर्शन में चलकर भाग्य संवारें : डॉ पांडे

दुर्ग संभाग अपर संचालक डॉ राजेश पांडे ने मोटिवेशनल स्पीच देते हुए उदाहरण सहित कहा कि प्रतिभा गांव शहर की मोहताज नहीं होती। संस्था में डॉ शिखा अग्रवाल जैसी अनुभवी प्राचार्य हैं। गुरु जनों के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें, मंजिल कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति आत्म निर्भर बनाने के लिए आ रही है। भरपूर लाभ उठाएं और अपना तथा अपने देश का भाग्य संवारें। कार्यक्रम का संचालन प्रो रजनीकांत तिवारी ने किया। चेतना सोनी ने छात्राओं को मंचन के लिए सराहनीय गाइड लाइन देकर मंच तक भेजती रही।

### उत्कृष्ट कॉलेज बनाएंगे : डॉ शिखा

स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने कहा कि वे उत्कृष्ट महाविद्यालय दुर्ग से जामगांव आर कालेज में प्राचार्य पद पर पदोन्नत होकर आई हैं। उन्होंने कहा कि जामगांव आर कालेज को उत्कृष्ट कॉलेज बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के दो बच्चे अग्निवीर में चयनित हुए, 1.2 लाख का फेलोशिफ दो बच्चों को मिला, यह गर्व की बात है।

### गूगल गुरु का साथ लेकर स्वर्णिम मंजिल पाएं

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि अपना और देश का भविष्य बनाने के लिए विद्यार्थी जीवन स्वर्णिम काल होता है। विद्यार्थी देश के भविष्य हैं। सकारात्मक सोच के साथ गूगल गुरु का साथ लेकर दुनिया को मुट्ठी में भर सकते हैं। संचार क्रांति गरीबों को भी अमीरों से आगे बढ़ाने में मददगार साबित हुई है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए उचित दिशा में पूरी तैयारी के साथ कदम बढ़ाएं, मंजिल मिलना तय मानिए।

## आत्मानंद स्कूल बेल्हारी को मिला ध्वनि विस्तारक यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

ग्राम पंचायत बेल्हारी द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय बेल्हारी को ध्वनि विस्तारक यंत्र भेंट किया गया। इसके अंतर्गत एम्प्लीफायर साउंड बॉक्स एवं स्पीकर हैंड माइक का एक सेट प्रदान किया गया। प्राचार्य वाईके साहू ने बताया कि ध्वनि विस्तारक यंत्र मिलने से विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां सरलता पूर्वक आयोजित की जा सकेंगी। पंचायत द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रदान किए जाने के लिए शाला परिवार आभार व्यक्त करती है। ध्वनि विस्तार की यंत्र उपसरपंच मनीष चंद्राकर द्वारा प्राचार्य को भेंट किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य यादमाल गोलछा, राम सिंह बसोड़, सनत शर्मा, महेश साहू, भूषण चंद्राकर, दुर्गा प्रजापति, सुनीता प्रजापति, संतोषी साहू विद्यालय परिवार की ओर से नीता वर्मा, खुशबू मिश्रा, सुनील तिवारी, देवेंद्र साहू, तोषन लाल साहू, भूषण ठाकुर, हेमंत प्रजापति उपस्थित थे।




## आनंद उत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- एपीएस में धूमधाम से मनाया गया आनंदोत्सव

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी डौंडीलोहारा द्वारा संचालित प्रकृति की हरी-भरी वादियों में बसे आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में 15वां आनंद उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ एवं दीप प्रज्वलित करके सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रभा जैन ने किया। पूजा अर्चना के बाद नौकार मंत्र, गायत्री मंत्र, आनंद स्तुति, राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। आनंद उत्सव में विद्यार्थियों ने बारहमासी गीत नृत्य के साथ खूब रंग जमाया इसके साथ सुवा नृत्य, गुजराती, राजस्थानी, बंगाली भांगड़ा, साउथ इंडियन रेट्रो रीमिक्स, रामायण का छोटासा भाग, महाभारत सहित 38 कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पालक सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष शिवेंद्र बहादुर साहू, पीला लाल देशमुख, परम साहू, गौतम सिंन्हा साथ ही शाला का प्रबंधक हीराचंद जैन, प्राचार्य शाइनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू, अनिल थॉमस, पूर्व प्राचार्य संदीप नायक, वीके साहू, धनेश्वरी वर्मा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।



## छत्तीसगढ़ कलार समाज की बैठक में पारिवारिक मिलन समारोह को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ कलार समाज डोंडी दल्ली के ग्राम चिपरा में सामाजिक बैठक कलार समाज के जिलाध्यक्ष चमन लाल सिन्हा व कोषाध्यक्ष हरदेव सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उक्त बैठक में आने वाले समय में होने वाले पारिवारिक मिलन समारोह को लेकर चर्चा की गई। महामंडलेश्वर कमलेश्वर सिन्हा सहित सामाजिक बंधु कार्यक्रम में सिन्हा समाज के योगेंद्र सिन्हा को नवगठित भाजपा मंडल कुसुमकसा के प्रथम अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। बैठक में चिखलाकसा के ग्राम प्रमुख विजय सिन्हा भुवन सिन्हा चुरामन सिन्हा मिलन सिन्हा गोविन्द सिन्हा महेश सिन्हा अशोक सिन्हा धन्नू सिन्हा व किलेकोड़ा व चिपरा कुसुम के स्वजातीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल के सचिव ओमकार सिन्हा व आभार मंडल के कोषाध्यक्ष धन्नू राम सिन्हा ने व्यक्त किया।

### ग्राम चीचा में कामता प्रसाद शरण का हरि नाम संकीर्तन आज से

अंडा। ग्राम सिर्राभांठा के समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा और उनके परिवार द्वारा एक बार फिर से कूड़ेरादादर के प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण का हरि नाम संकीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में अर्जुंदा क्षेत्र के ग्राम चीचा में 25 से 27 दिसंबर तक कार्यक्रम होगा। उसके बाद 30 और 31 दिसंबर को उनके गृह ग्राम सिर्राभांठा में भी आयोजित किया जाएगा। कथा समय सुबह 10 से 12:30 बजे और दोपहर 3 से 5:30 बजे तक रहेगा। श्री सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पूरे दिन भंडारा का आयोजन भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी उन्होंने ग्राम चीचा में कामता प्रसाद शरण का भागवत का कार्यक्रम करवाया था। उन्होंने धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## पेज 9 के शेष

### गुंडरदेही में महतारी वंदन योजना ...

इस अवसर पर महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रही लगभग 50 महिलाओं को शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू सोनकर, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चन्द्राकर, नीतिश मोंटी यादव गणमान्य नागरिक प्रमोद जैन, नरेश यदु, विश्वास गुप्ता सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी खिलेश्वरी नाग एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला हितग्राही मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने गेहूं-चना ...

नाली ग्राम धनोरा से कारखाना को जोड़ा जाए, जिससे शक्कर कारखाना को पर्याप्त पानी मिल जाएगा। दर्रीटोला बांध से नाली में सीमेंटीकरण हुआ है, जो कि अधूरा है, उसे पूरा कराने की मांग की गई है। इसके साथ ही हथौद से बी जामगांव तक एवं बरही नगर नाली के सीमेंटीकरण करने की मांग की गई है।




## धोबनपुरी में विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जा रही है आध्यात्मिक शिक्षा

### अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के सदस्य द्वारा किया जा रहा है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

हरे कृष्ण प्रभुपाद ग्राम द्वारा शुरू की गई भक्त प्रह्लाद गुरुकुल पहल के तहत, ग्राम धोबनपुरी में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। यह पहल प्रभुपाद ग्राम के प्रेरणास्त्रोत और अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के सदस्य केशवेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में गुरुर ब्लॉक से संचालित हो रही है।

केशवेंद्र के मार्गदर्शन में प्रभुपाद ग्राम ने भक्त प्रह्लाद गुरुकुल पहल के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच आध्यात्मिक शिक्षा को बढ़ावा देना था। भक्त प्रह्लाद गुरुकुल का उद्देश्य छात्रें को भारत की वैदिक संस्कृति और परंपराओं के बारे में शिक्षित करना है और उन मूल्यों को पुनर्जीवित करना है, जो तकनीकी प्रगति के कारण धीरे–धीरे विलुप्त हो रहे हैं।

इस पहल के तहत, प्रभुपाद ग्राम ने छात्रों के बीच भगवद गीता के प्रचार–प्रसार का संकल्प लिया है। इस विशेष अवसर पर छात्रों के साथ–साथ स्कूल के प्रधानाचार्य और सहायक शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने भक्त प्रह्लाद गुरुकुल की इस पहल की सराहना की। इसके अलावा, कुछ ग्रामीण भी कार्यक्रम में शामिल हुए ताकि छात्रें को अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा सके। भविष्य में, भक्त प्रह्लाद गुरुकुल पहल हर शनिवार को स्कूल के सुबह के समय में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में संचालित की जाएगी। धीरे–धीरे, यह पहल आस–पास के गांवों में भी विस्तारित की जाएगी।





Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में गुरु घासीदास जयंती की 268 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही मड़ई-मेले का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोपहर 2 से रात्रि 9 बजे तक पूजा व रात्रि में जय सूर्या नाच पार्टी रानीदहरा (कबीरधाम) की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बारले जिला सतनामी समाज अध्यक्ष थे। वहीं, नीलकंठ टंडन तहसील सतनामी समाज अध्यक्ष, कुलदीप साहू सरपंच, कमलेश सिरमौर, धनेश सिरमौर, प्रीतम टंडन, राहुल सिरमौर, लवीश टंडन, इंद्रजीत टंडन, हरिद्वार मनहर, खेमलाल भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 20 जनवरी तक

**बालोद।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 20 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिले के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के विद्यार्थी 20 जनवरी 2025 तक अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदनों में त्रुटि सुधार 21 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक किया जा सकता है। जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 28 जनवरी से 07 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की तिथि की जानकारी अलग से दी जाएगी।

## निधन

### हठियारीन बाई साहू



**अंडा।** ग्राम अंडा निवासी हठियारीन बाई साहू उम्र 90 वर्ष का 24 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शीतल साहू की बुआ एवं पूर्व गृहमंत्री के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू की दादी थीं।

## बैठक : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# वाट्सएप पर मिले आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप्प नंबर 9425242981 के माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभागवार चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं उनके निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुख चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदन एवं शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें।

चन्द्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आम जनता को अपने माँगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने के समस्याओं से मुक्ति दिलाने हेतु व्हाट्सएप्प सुविधा प्रारंभ की गई है, ताकि उन्हें समय, श्रम एवं परेशानियों से निजात मिल सके। इसलिए इस नई व्यवस्था के तहत सभी विभाग प्रमुखों को चौटबॉट के माध्यम से अपने–अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित कराना अनिवार्य है। चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन की इस नई व्यवस्था को आम जनता के मांगों और समस्याओं के समुचित निराकरण की दिशा में अत्यंत कारगर एवं बेहतर व्यवस्था बताया। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अंतिम छोर में स्थित आदिवासी बाहुल्य ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों की आय को 01 वर्ष के भीतर दुगुना करने के लिए विभिन्न विभागों के द्वारा किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, क्रेडा एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से फील्ड विजिट कर ग्राम हुच्चेटोला में सिंचाई साधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सहायक संचालक कौशल विकास से हुच्चेटोला की महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इसकी शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। चन्द्रवाल ने वन विभाग के अधिकारियों को ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के लिए लाख उत्पादन के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने गांव के शौचालय विहिन परिवारों के घरों में शौचालय निर्माण करने तथा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गंभीर तथा लंबे समय से बीमार व्यक्तियों का समुचित इलाज कराने के निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारी ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों को अपने–अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित तथा शासकीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर 01 साल की अवधि में अनिवार्य रूप से ग्रामीणों की आय दुगुना करने के लिए समुचित उपाय करने के निर्देश दिए।



### बच्चों को शीघ्र बनाकर दें जाति प्रमाण पत्र

बैठक में चन्द्रवाल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु शेष रह गए सभी बच्चों का शीघ्र जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने दल्लीराजहरा में 100 बिस्तर अस्पताल निर्माण में जमीन का चयन तथा जिला अस्पताल के मातृ–शिशु अस्पताल में फायर सिस्टम आदि के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में खेल सहित हुईं विविध गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ चार दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में वार्षिक क्रीड़ा एवं साहित्यिक गतिविधि का आयोजन किया गया। 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर के मध्य आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के अंतर्गत दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इनडोर खेल गतिविधि में बैडमिंटन एकल–युगल, कैरम एकल–युगल, शतरंज, टेबल–टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साहित्यिक गतिविधि के अंतर्गत 21 और 23 दिसम्बर को आधुनिक सभ्य समाज में धार्मिक सद्भावना विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय भावी पीढ़ी सोशल मीडिया के गिरफ्त में जकड़ी जा रही है, जिसमें छात्र–छात्राओं ने पक्ष–विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। तात्कालिक भाषण के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने लॉटरी पद्धति से विषय चयन कर अपने विचार साझा किये। गतिविधि के अगले क्रम में पाककला और सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने विभिन्न भारतीय व्यंजनों का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को रोचक बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने छात्र–छात्राओं के प्रयास की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में अन्य प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया।

## दिव्यांग, बीमार, गर्भवती महिलाओं व 60 साल से अधिक उम्र के कर्मचारियों की न लगाएं ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौशिक से की मांग



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के प्रतिनिधिमण्डल ने आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में जिले के शिक्षकों व अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सुविधा व समस्याओं के निराकरण के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालोद चंद्रकांत कौशिक से मुलाकात कर चर्चा की व सुझाव देते हुए मांग रखी तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन की ओर से दिव्यांग, गंभीर बीमारी से पीड़ित, 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों व गर्भवती महिलाओं तथा तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाली महिला शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, अधिकारियों को निर्वाचन कार्य से मुक्त रखने की मांग की।

साथ ही निर्वाचन के सभी प्रशिक्षण कर्मचारियों के कार्यरत विकास खंडों में रखने, भले ही ड्यूटी अलग विकास खंड में हो, पूर्व में पंचायत निर्वाचन में कई मतदान केंद्रों में मतगणना के समय मतदान दलों पर पर्याप्त सुरक्षा के अभाव में विषम परिस्थितियों के निर्मित होने के कारण मतगणना कार्य विकास खंड मुख्यालय में कराने व शीतकालीन अवकाश व अन्य अवकाश दिवस पर प्रशिक्षण आयोजित न कराने की मांग की। वहीं मतदान केंद्रों में मतदान दलों के लिए मूलभूत सुविधाएं जिनमें दलों के लिए भोजन की पूर्व व्यवस्था, रसोईयों की उपस्थिति, खाद्यान्न, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, फनएॅचर, विद्युत, पंखे आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने वालों में टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिक्षा सत्र 2024–25 में कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 31 जनवरी 2025 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 01 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 01 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक की जा सकती है। इसके पश्चात शिक्षा सत्र 2024–25 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन ऑनलाईन आवेदन, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बालोद जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2024–25 से छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। पीएफएमएस द्वारा आधारित भूगतान की जा रही है।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही सत्र 2024–25 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन करते समय किया जाना है। ओटीआर की प्रविष्टि के संबंध में संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

## विधायक संगीता किया नवनिर्मित शेड का लोकार्पण



**गुरूर।** ग्राम डोटोपार में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा रामचरितमानस सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक द्वारा पिछले वर्ष इसी मंच पर शेड निर्माण के घोषणा की गई थी, जिसको पूरा कर नवनिर्मित शेड का लोकार्पण भी किया। सरपंच सहित ग्रामीणों ने शेड निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया। विधायक ने अपने उद्बोधन में रामचरितमानस के आदर्शों को अपनाकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार देने की बात कही। इस कार्यक्रम में विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, विधायक प्रतिनिधि टोमन लाल साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सांगली चोवाराम साहू, पूर्व संरपच बीरबल साहू, भूषण कलिहारी, बुथ अध्यक्ष इकबाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।













